# भारतीय शिक्षा बोर्ड
# आदर्श प्रश्न पत्र - अर्धवार्षिक आकलन
# हिंदी - कक्षा 3
# सत्र 2026-27

**निर्धारित समय:** 2 घंटे                                                   **अधिकतम अंक:** 50

**निर्देश**:

- प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें |
- कृपया जाँच कर लें कि इस कार्य पत्रक में 04 मुद्रित पृष्ठ हैं |
- छात्रों को कार्यपत्रक समझाने हेतु अध्यापक को 10 मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया गया है, इस अवधि में छात्र केवल कार्यपत्रक को समझेंगे एवं उत्तर लिखना प्रारंभ नहीं करेंगे |
- कार्यपत्रक में कुल 15 प्रश्न हैं | सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- सभी प्रश्नों के आगे उनके लिए निर्धारित अंक लिख दिए गये है|

---

**प्रश्न 1. सही विकल्प पर सही (✓) का चिन्ह लगाइए -** (0.5x10=5)

**(i) सरस्वती किसकी देवी हैं ?**

(क) धन की
(ख) ज्ञान की
(ग) शक्ति की

**(ii) मत्स्य का क्या अर्थ होता है ?**

(क) मछली
(ख) मेढ़क
(ग) गिलहरी

**(iii) कंजूस दुनिया में सबसे अधिक किसे चाहता था ?**

(क) सोना
(ख) खेत
(ग) परिवार

**(iv) पड़ोसी ने सोने की जगह क्या रखने को कहा ?**

(क) लोटा
(ख) पत्थर
(ग) हथौड़ा

**(v) प्रार्थना विद्यालय क्यों नही आ रही थी?**

(क) ज्वर आने से

(ख) गृहकार्य पूरा नहीं होने से

(ग) माँ के बीमार पड़ जाने से

**(vi) शिक्षक ने बच्चों को किस विषय में बताया ?**

(क) भोजन के विषय में

(ख) विद्यालय के विषय में

(ग) बीमारी के सामान्य कारणों के विषय में

**(vii)जाड़े की रात में कैसी हवा चलती है ?**

(क) झन- झन

(ख) सन–सन

(ग) झम-झम

**(viii) चाँद कहाँ सफ़र करता था ?**

(क) धरती पर

(ख) आसमान में

(ग) पहाड़ों पर

**(ix) भीमा नायक का जन्म किस जनजाति में हुआ था ?**

(क) कोल

(ख) भील

(ग) संथाल

**(x) 1857 के आन्दोलन में भीमा ने किस क्रांतिकारी की सहायता की थी ?**

(क) नानाजी पेशवा

(ख) मंगल पाण्डेय

(ग) तात्या टोपे

**प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए - (1x4)**

(i) अति - ---------------------------------

(ii) मुखबिर - --------------------------------------

(iii) यातना - -------------------------------------

(iv) क्षति - ------------------------------------

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (1x5)**

(i) बड़े व्यक्ति की तुलना किस वृक्ष से की गई है ?

(ii) भीमा नायक को किस जेल में भेजा गया था?

(iii) चाँद ने माता से झिंगोला क्यों माँगा ?

(iv) आहार का क्या अर्थ होता है ?

(v) कंजूस ने जमीन बेचकर क्या ख़रीदा ?

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –** **(2x5=10)**

(i) कवि देवी सरस्वती से क्या विनती कर रहे हैं ?

(ii) राजर्षि मनु सरोवर में क्या कर रहे थे ?

(iii) कंजूस को हमेशा क्या चिंता सताती रहती थी ?

(iv) हमें भोजन में किन वस्तुओं को शामिल करना चाहिए ?

(v) अंग्रेजों ने भीमा नायक को किस प्रकार गिरफ्तार किया ?

**प्रश्न 5. 'चाँद का कुर्ता ' नामक कविता की चार पंक्तियाँ लिखिए** **(4)**

**प्रश्न 6 . निम्नलिखित दिए गये शब्दों को रिक्त स्थान में लिखकर वाक्य पूरा कीजिए –** **(1x6=6 )**

**बासी भोजन , सतपुड़ा , अंडमान और निकोबार , झिंगोला , सोने की , मत्स्य**

(i) चाँद ने माँ से ----------- सिलवाने की जिद की |

(ii) हमें ------- के प्रयोग से बचना चाहिए |

(iii) भीमा को कालापानी की सजा देकर ------- जेल भेजा गया |

(iv) कंजूस व्यक्ति को सबसे अधिक ---------- चाह थी |

(v) भीमा ------------ के जंगल में छुपा था |

(vi) मनु के अंजुली में एक नन्ही सी ------- आ गई|

**प्रश्न 7 . कबीर के दोहे नामक पाठ से कोई एक दोहा लिखिए -** **(2)**

**प्रश्न 8 . निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए –** **(0.5x4=2)**

(i) छोटे - --------------------

(ii) कंजूस - ----------------------

(iii) दुखी - -----------------------

(iv) दिन - ---------------------------

**प्रश्न 9. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए -** **(0.5x4=2)**

(i) नीवेदन - ---------------

(ii) समद्र - ------------------

(iii) अधीक - ----------------

(iv) मछलीयाँ - ------------------

**प्रश्न 10 . निम्नलिखित दिए गए वर्षों को अंको में लिखिए –** **(1x2=2)**

(i) अठारह सौ चालीस - -----------------

(ii) अठारह सौ छियासठ - ---------------

**प्रश्न 11 . निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -** **(1x2=2)**

(i) माता - ---------------------- -------------------------

(ii) रात - ------------------------------ -------------------------

**प्रश्न 12 . स्तम्भ (क) का मिलान स्तम्भ (ख) से कीजिए–** **(0.5x4=2)**

| (क) | (ख) |
| --- | --- |
| (1) जो शरारत करता हो | डरपोक |
| (2) जो खेलता हो | शरारती |
| (3) जो बातें बनाता हो | खिलाड़ी |
| (4) जो डरता हो | बातूनी |

**प्रश्न 13. निम्नलिखित शब्दों को सही क्रम में लगाकर वाक्य बनाइए–** **(1)**

वह / है / जाता / घर / |

-----------------------------------------------------------------------------

**प्रश्न 14 . निम्नलिखित वाक्य को बहुवचन में बदलिए-** **(1)**

कुत्ता डर के भाग गया |

--------------------------------------------------

**प्रश्न 15 . सर्वनाम की परिभाषा लिखिए –** **(2)**